प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 04.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार उद्योगों के साथ है। एमएसएमई के विकास को विभिन्न पहलों के माध्यम से बढावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निवेश को बढावा देने में राज्यों की भूमिका महत्वपूर्ण है। श्री मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए वित्त वर्ष 2025–26 के बजट उपरांत वेबिनार में भाग लिया। ये वेबिनार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों–एमएसएमई को विकास, विनिर्माण और निर्यात के क्षेत्र में प्रमुखता देने के साथ–साथ परमाणु ऊर्जा मिशन और व्यापार को आसान बनाने के लिए सुधारों के इंजन के रूप में आयोजित किए गये। वेबिनार सरकारी अधिकारियों, अग्रणी उद्यमियों और व्यापार विशेषज्ञों को भारत की औद्योगिक, व्यापार और ऊर्जा रणनीतियों पर विचार–विमर्श करने के लिए एक सहयोगी मंच प्रदान किया। वेबिनार, नीति कार्यान्वयन, निवेश सुविधा और प्रौद्योगिकी अपनाने पर केंद्रित रही, जिससे बजट के परिवर्तनकारी उपायों का निर्बाध कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा। निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ, उद्योग प्रतिनिधि और विषय वस्तु विशेषज्ञों ने वेबिनार में भाग लिया।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों से नमो ऐप ओपन फोरम पर और अधिक प्रेरक जीवन यात्राएं साझा करने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने बताया कि नमो ऐप पर साझा की गई प्रेरक यात्राओं में से कुछ महिलाओं को 8 मार्च को महिला दिवस पर प्रधानमंत्री के डिजिटल सोशल मीडिया अकाउंट्स का संचालन करने के लिए चुना जाएगा।

000

हनुमानगढ़ के रावतसर में आज श्रीयादे माटी कला बोर्ड की ओर से माटी कला को बढावा देने के उदेश्य से चयनित लोगों के प्रशिक्षण कैंप के बाद इलेक्ट्रिक चाक और माटी गूंथने की मशीन का वितरण समारोह आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोर्ड के चैयरमैन प्रहलाद राय टाक होंगे।

00000

झालावाड़ में राजीविका के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाये गये झालावाड़ी हर्बल गुलाल के पोस्टर का जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने विमोचन किया। उन्होने बताया कि जिला प्रशासन ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की मदद से 100 प्रतिशत हर्बल और त्वचा के अनुकूल हर्बल गुलाल का निर्माण करवाया है। ये पूरी तरह प्राकृतिक अवयवों से बना है और हानिकारक रसायनों से मुक्त है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि इस साल हर्बल गुलाल से होली का त्यौहार मनाए।

00000

प्रदेशभर में खाटूश्याम जी के लक्खी मेले के लिए यात्राएं निकाली जा रही है। इसी कड़ी में आज पाली में शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए खाटू श्याम जी की निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने ढोल बाजों पर नृत्य किया। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

00000

युवा और खेल मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण और योगासन भारत के सहयोग से दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप के आयोजन की घोषणा की है। यह आयोजन 29 से 31 मार्चतक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में होगा। इसमें 16 से अधिक देश भाग लेंगे।इस आयोजन का उद्देश्य योगासन को एक खेल के रूप में अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ावा देनाऔर इसकी समृद्ध विरासत तथा सांस्कृतिक महत्व को अपनाना है।

00000

उत्तरी भारत में चली ठण्डी हवाओं का प्रभाव प्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार आने

वाले दिनों में जयपुर और बीकानेर संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान में 2–4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। वहीं 7 मार्च से तापमान में फिर से बढोतरी देखने को मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में प्रदेश में सबसे कम 10 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान संगरिया में रिकॉर्ड किया गया और सबसे ज्यादा 34 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान चित्तौडगढ में दर्ज किया गया।

00000

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल में आज भारत और ऑस्ट्रेलिया आमने सामने होंगे। यह मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम, स्पिनर गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के साथ टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर रही है। बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ मजबूत जीत के बाद भारत ने अपने अंतिम लीग मैच में न्यूजीलैंड को भी रोमांचक मैच में 44 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ, भारत सभी तीन मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष पर रहा। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया की टीम भी बेहतर प्रदर्शन कर रही है। टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल कल न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच लाहौर में होगा। फाइनल मैच रविवार को खेला जाएगा।

0000

निर्वाचन आयोग आज से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करेगा। ये कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान में होगा। श्री ज्ञानेश कुमार के मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभालने के बाद ऐसा पहला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव अधिकारियों को विचार–मंथन और परस्पर अनुभवों से सीखने का अवसर मिलेगा। सम्मेलन के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी संरचना, प्रभावी संचार, सोशल मीडिया के प्रभाव को बढ़ाना और चुनावी प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका सहित आधुनिक चुनाव प्रबंधन के प्रमुख क्षेत्रों जैसे अनेक विषयों पर चर्चा होगी।

0000